प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– रामपुर।

पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/सी0एच0/सपोर्टिव सुपरविजन/60/2019–20/9291 दिनांक 07/02/2020

**विषय–राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 28–31 जनवरी 2020 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स/समस्याओं/के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 28 जनवरी से 31 जनवरी 2020 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे फीडबैक साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों/गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीया,

(जसजीत कौर)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/सी0एच0/सपोर्टिव सुपरविजन/60/2019–20/ तद्दिनांक

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित –**

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– रामपुर।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद को इस आशय से प्रेषित कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान पायी गयी कमियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त महाप्रबन्धक/उपमहाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
4. स्टाफ ऑफीसर, मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 को इस आशय के साथ प्रेषित की मिशन निदेशक महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, मुरादाबाद।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रामपुर।

(डा0 अल्पना शर्मा)
महाप्रबन्धक, प0क0/
मण्डलीय नोडल अधिकारी

# जनपद रामपुर की सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की भ्रमण आख्या
## दिनांक 28–31 जनवरी 2020

**राज्य स्तरीय भ्रमण टीम के सदस्य :–**

1. श्री बिशम्भर दयाल–कन्सलटेन्ट, मानव संसाधन, मातृ स्वास्थ्य।
2. श्री प्रमोद चन्द्र अरविन्द, कार्यक्रम सहायक, बाल स्वास्थ्य।

आप अवगत है कि मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक उ0प्र0 से प्राप्त निर्देशो के क्रम में दिनांक 28–31 जनवरी 2020 के मध्य जनपद रामपुर की चिकित्सा इकाईयों जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मिलक, चमरौआ, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–अजीतपुर, वी0एच0एन0डी0, पीपलगांव एवं कोयला, न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–पटवाई का पर्यवेक्षण किया गया। जिसमें सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में पायी गयी कमियों के सापेक्ष निम्न कार्यक्रमों/गतिविधियों में विशेष प्रयास कर सुधारात्मक कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। भ्रमण आख्या निम्नवत है।

**01– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (एफ0आर0यू0) – मिलक**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी लेकिन मानकानुसार रखरखाव नहीं था। | 7 ट्रे का मानकानुसार संरक्षित करना | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं रखा हुआ था एवं प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं है। | यथा स्थान पर रखवाया गया प्रोटोकाल पोस्टर को यथा स्थान पर चस्पा करना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| केसशीट को पूर्णरूप से नहीं भरा जा था। | केसशीट का पूर्णरूप भरा जाना। | स्टाफ नर्स |
| प्रसव रजिस्टर नियमित रूप से अपडेट नहीं किया जा रहा। | प्रसव पंजीका तत्काल अपडेट करना। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत प्रदान की जा रही सेवाओं के अनुसार भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है। | लाभार्थी को कब डिस्चार्ज किया गया दिनांक व समय अंकित करने के लिए सलाह दिया गया। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत दिया जाने वाला भोजन का 24 जनवरी से नहीं भरा गया था। | प्रतिदिन अपडेट करना। | सम्बन्धित कर्मचारी |
| दिनॉक 28 जनवरी, 2020 की सायं तक 05 प्रसव हुये थे सत्यापन के दौरान 02 ही प्रसूतायें थी ज्ञात हुआ कि प्रसवोपरान्त प्रसूता लगभग 04 से 06 ही घन्टे रूक रही है लेकिन फर्म का बिल देखने से पता चला कि भोजन का भुगतान 48 घन्टे से हिसाब से किया जा रहा है। | नियमानुसार भुगतान किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| ईडीएल की सूची प्रदर्शित नही थी। | दवा वितरण काउन्टर एवं औधषि भण्डार पर सूची प्रदर्शित कराना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| शिकायत पेटिका नहीं थी। | शिकायत पेटिका के लगवाना | चिकित्सा अधीक्षक |
| कोल्ड चेन का रखरखाव सन्तोषजनक था। कोल्ड चेन कक्ष में खाली वायल अस्त–व्यस्त पड़ी थी। निस्तारण नहीं किया जा रहा था। | खाली वायलों का निस्तारण सुनिश्चित करना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| एन0बी0एस0यू0 में भर्ती नवजात शिशुओं की रिपोर्टिंग के लिये यू0पी0टी0एस0यू0 द्वारा उपलब्ध कराये एन0बी0एस0यू0 रजिस्टर फार्मासिस्ट के स्टाक में रखे हुये थे। | स्टाक में रखे रजिस्टर निकलवाकर रिपोर्टिंग हेतु स्टाफ नर्स को उपलब्ध कराये। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| एन0बी0एस0यू0 इकाई में प्रोटोकाल पोस्टर नहीं लगाये थे। | एन0बी0एस0यू0 इकाई में प्रोटोकाल पोस्टर लगाया जाना। | |
| वायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत चिकित्सालय से किसी भी सेवा प्रदाता एजेन्सी द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है। चिकित्सालय में वायोमेडिकल वेस्ट पिट का प्रयोग किया जा रहा है। | वायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट के अन्तर्गत सेवा प्रदाता एजेन्सी से कार्य लिया जाये। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| वायोमेडिकल इक्यूपमेन्ट मेन्टीनेन्स के अन्तर्गत सेवा प्रदाता एजेन्सी सायरिक्स का टोल फ्री नम्बर अंकित नही था। न ही किसी भी स्टाफ को सायरिक्स एजेन्सी के बारे में जानकारी थी। | सायरिक्स का टोल फ्री नम्बर जानकारी होना। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में 02 कण्डोम वॉक्स लगे थे जिसमें 01 वॉक्स में काई कण्डोम नहीं था। | वॉक्स में कण्डोम की उपलब्धता सुनिश्चित करना। | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |

**02– वी0एच0एन0डी0 – पीपलगांव (ब्लाक चमरौआ)**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| वी0एच0एन0डी0 ऑगनवाड़ी केन्द्र, प्रा0वि0 में आयोजित था। आशा एवं ऑशा संगिनी दोनो उपस्थित नहीं थी। | आशा की सत्र स्थल पर शत् प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करना। | बी0सी0पी0एम0 एवं सम्बन्धित चिकित्सा अधीक्षक |
| आयरन सीरप का वितरण नहीं किया जा था क्योकि ए0एन0एम0 आयरन सीरप साथ नहीं लायी थी। | आयरन सीरप की उपलब्ध था | ए0एन0एम0, आशा एवं ऑगनवाड़ी |
| ए0एन0सी0 की जॉच के लिये कोई प्रावेसी नहीं थी। | ए0एन0सी0 की जॉच के लिये प्रावेसी का होनां | ए0एन0एम0 |
| ऑगनवाड़ी कार्यकत्री सत्र स्थल पर उपलब्ध थी। लेकिन पोषाहार का वितरण नही किया जा रहा है। | ऑगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा पोषाहार वितरण किया जाना। | सी0डी0पी0ओ0 |
| आशा के पास डू लिस्ट थी लेकिन अपडेट नहीं थी। | आशा संगिनी /बी0सी0पी0एम0 | डी0सी0पी0एम0 |
| आशा द्वारा वी0एच0आई0आर0 रजिस्ट्रर नहीं भरा जा रहा था। | आशा द्वारा भ्रमण के दौरान ससमय वी0एच0आई0आर0 रजिस्ट्रर भरना। | बी0पी0एम/ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |

**03– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र – चमरौआ**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष छोटा था जिसको दूसरे रूम में बदला रहा था। इस कारण प्रसव मानकानुसार नहीं था एवं समस्त प्रोटोकाल का पालन नहीं था। | प्रसव कक्ष को अतिशीघ्र तैयार कराना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रतिमाह 50 से 60 प्रसव हो रहें है नर्स मेन्टर तैनात है तथा 03 स्टाफनर्स कार्यरत है। लेकिन प्रसव सम्बन्धी सभी रिकार्ड खराब अवस्था मे था। पंजीकरण रजिस्टर, प्रसव रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर तथा केसशीट के रिकार्ड | पंजीकरण रजिस्टर, प्रसव रजिस्टर, रेफरल रजिस्टर तथा केसशीट के रिकार्ड का आपस में मिलान | नर्स मेन्टर एवं स्टाफनर्स |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| का आपस में मिलान नहीं था। | होना चाहिये। | |
| केसशीट को पूर्णरूप से नहीं भरा जा था। | केसशीट का पूर्णरूप भरा जाना। | स्टाफ नर्स |
| प्रसव उपरान्त महिलाये लगभग 08 घन्टे ही रूक रही है। | लाभार्थी को 48 घन्टे रूकने की सलाह दिया गया। भोजन का वास्तविकता के अनुसार भुगतान करनां | स्टाफ नर्स एवं चिकित्सा अधीक्षक |
| नवजात शिशु के टीकाकरण नही किया जा रहा है। | नवजात शिशु का टीकाकरण करना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| ईडीएल की सूची प्रदर्शित नही थी। | दवा वितरण काउन्टर एवं औधषि भण्डार पर सूची प्रदर्शित कराना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| शिकायत पेटिका नहीं थी। | शिकायत पेटिका के लगवाना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| आर0बी0एस0के0 की दोनों टीम कार्ययोजना के अनुसार कार्य नहीं कर रही थी तथा टीम बी की गाड़ी की मीटर रीडिंग मिसमैच थी। | प्लान के अनुसार कार्य करना तथा गाड़ी की रीड़िग वर्तमान स्थिति के अनुसार भरना। | आर0बी0एस0के0 समन्वयक |
| फार्मासिस्ट श्री सुशील बाबू द्वारा औषधि भंडार का रिकार्ड नियमित अपडेट नहीं किया रहा है। सत्यापनं करने पर पी0सी0एम टेबलेट रिकार्ड अनुसार 14200 के सापेक्ष 12200 थी एवं पी0सी0एम0 सीरप 500 के सापेक्ष 400 बोतल उपलब्ध थी। | औषधि भंडार का रिकार्ड नियमित अपडेट करना तथा सत्यापन करना। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0 |
| आर0के0एस0 का रिकार्ड मांगने पर उपलब्ध नहीं कराया गया। आडिट के नाम पर आफिस उपलब्ध नही है ऐसा वाताया गया। | रिकार्ड को आफिस में रखना तथा मांगे जाने पर उपलब्ध कराया जाना। | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0 |
| बी0पी0एम0यू0 यूनिट द्वारा कार्य में कोई रूचि नहीं ली रही है। | बी0पी0एम0यू0 यूनिट द्वारा नियमित स्वास्थ्य सेवाओं सम्बन्धी सुविधाओं का सत्यापन | चिकित्सा अधीक्षक एवं बी0पी0एम0 |

## 04–नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – अजीतपुर

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव हेतु बहुत छोटा कक्ष है जो कि मानकानुसार नहीं है। | प्रसव कक्ष का मानकानुसार होना। | अरबन कोआर्डिनेटर / एन0यू0एच0एम0 नोडल अधिकारी |
| प्रसव के दौरान केसशीट अभी तक नहीं भरी जा रही है पता चला कि स्टाफ को केसशीट की जानकारी ही नही है। | केसशीट की उपलब्धता एवं प्रत्येक प्रसव के दौरान केसशीट का भरा जाना सुनिश्चित करना। | अरबन कोआर्डिनेटर / एन0यू0एच0एम0 नोडल अधिकारी |
| प्रसव रजिस्टर ठीक प्रकार से नहीं भरा जा रहा था रजिस्टर के पृष्ठ बीच से फटा हुआ था। अन्य रजिस्टर सादा थे प्रिन्टिड नहीं थें। | प्रसव रजिस्टर को मानकानुसार तैयार करना तथा प्रिन्टिड रजिस्टरों को प्रयोग में लाना। | अरबन कोआर्डिनेटर / एन0यू0एच0एम0 नोडल अधिकारी |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी उपलब्ध नहीं थी। | प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी ही लगाना। | अरबन कोआर्डिनेटर/ एन0यू0एच0एम0 नोडल अधिकारी |
| प्रसव कक्ष में रेडिएण्ट वार्मर उपलब्ध नही था। | रेडिएण्ट वार्मर उपलब्ध कराना | चिकित्सा अधीक्षक |
| ईडीएल की सूची प्रदर्शित नही थी। | दवा वितरण काउन्टर एवं औधषि भण्डार पर सूची प्रदर्शित कराना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| शिकायत पेटिका नहीं थी। | शिकायत पेटिका के लगवाना | चिकित्सा अधीक्षक |

**05 जिला महिला चिकित्सालय – रामपुर।**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष में रखे हुए कलर कोडेड डस्टबिन यथा स्थान पर नहीं रखा हुआ था एवं प्रोटोकाल पोस्टर चस्पा नहीं है। | यथा स्थान पर रखवाया गया | तत्काल |
| प्रसव कक्ष एवं भोजन पंजिका में लाभार्थी को डिस्चार्ज किये जाने का दिनांक व समय अंकित नहीं किया जा रहा है। | लाभार्थी को कब डिस्चार्ज किया गया दिनांक व समय अंकित करने के लिए सलाह दिया गया। | स्थानीय |
| केसशीट को पूर्णरूप से नहीं भरा जा था। | केसशीट का पूर्णरूप भरा जाना | नर्स मेन्टर/ अधीक्षक |
| जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत दिया जाने वाला भोजन रजिस्टर व्यवस्थित था। | टेण्डर कर मानकानुसार भोजन उपलब्ध कराना | अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| प्रसव कक्ष में 07 ट्रे उपलब्ध थी लेकिन मानकानुसार रखरखाव नहीं था अटैच लेट्रिन नहीं है। | जिला स्तर से दवायें मंगाकर व्यवस्था कराना | चिकित्सा अधीक्षक |
| ईडीएल की सूची प्रदर्शित नही थी। | दवा वितरण काउन्टर एवं औधषि भण्डार पर सूची प्रदर्शित कराना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| शिकायत पेटिका नहीं थी। | शिकायत पेटिका के लगवाना | चिकित्सा अधीक्षक |
| एम0सी0पी0 कार्ड एवं जे0एस0वाई0 भुगतान में एम0सी0टी0एस नम्बर नहीं डाले जा रहे। | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा एम0सी0टी0एस आपरेटर से 100 प्रतिशत एम0सी0टी0एस पर पोर्टल पर पंजीकरण। | चिकित्सा अधीक्षक |
| मुख्य चिकित्साधीक्षक के आफिस में स्थापित डैसबोर्ड की सूचना अपडेट नहीं थी। | प्रतिमाह अपडेट करना। | हास्पिटल मैनेजर |

**06 नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – पटवाई**

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव कक्ष मे मानकानुसार 07 ट्रे नहीं थी प्रोटोकाल पोस्टर नही थे। | प्रसव कक्ष में प्रसव सम्बन्धी सभी प्रोटोकाल का पालन करना। | चिकित्सा अधीक्षक |

| मुख्य अवलोकन बिन्दु | अपेक्षित कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर एवं दायित्व |
|---|---|---|
| प्रसव टेबिल पर मैकनटोस पन्चर था, कलर कोडेड डेस्बिन, डिजिटल वॉच, हैंड वॉस एरिया नहीं था। | प्रसव कक्ष में प्रसव सम्बन्धी सभी प्रोटोकाल का पालन करना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव रजिस्टर पुराना प्रयोग में लाया जा रहा था। | नया रजिस्टर का प्रयोग करना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पिछले लगभग 15 दिनों से कोई प्रसव नहीं किया जा रहा है स्टाफ नर्स ने बताया कि चिकित्साधिकारी प्रसव करने से मना करते है और सीधे रेफर कर दिया जाता है चिकित्साधिकारी ने बताया कि रेफर किये गये सभी केस यहाँ पर प्रसव कराने की स्थिति में नहीं थे। | स्थिति अनुसार केस को रेफर करना एवं उच्च अधिकारी द्वारा सत्यापन। | चिकित्सा अधीक्षक / मुख्यचिकित्साधिकारी |
| प्रसव में रखा ऑक्सीजन सिलेण्डर आवश्यकता पड़ने पर प्रयोग नहीं किया जा सकता था क्योकि उसके ऑक्सीजन मॉक्स एव अन्य उपकरण ब्लाक सी0एच0सी0 द्वारा नहीं दिये गये थे। | ऑक्सीजन सिलेण्डर से सम्बन्धित समस्त उपकरण उपलब्ध कराना | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव उपरान्त नवजात का टीकाकरण नही किया जाता। | टीकाकरण करना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी उपलब्ध नहीं थी। | प्रसव कक्ष में डिजीटल घडी ही लगाना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| केसशीट को पूर्णरूप से नहीं भरा जा था। | केसशीट का पूर्णरूप भरा जाना। | स्टाफ नर्स |
| ईडीएल की सूची प्रदर्शित नही थी। | दवा वितरण काउन्टर एवं औधषि भण्डार पर सूची प्रदर्शित कराना। | चिकित्सा अधीक्षक |
| शिकायत पेटिका नहीं थी। | शिकायत पेटिका के लगवाना | चिकित्सा अधीक्षक |

Pramod

**प्रमोद चन्द्र अरविन्द**
कार्यक्रम सहायक

**बिशम्भर दयाल**
परामर्शदाता–मातृ स्वास्थ्य

प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0,
विशाल काम्प्लैक्स,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा में,

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद– रामपुर।

पत्र संख्या–**एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 60 / 2019–20 /** दिनांक 07 / **02 / 2020**

**विषय–राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 28–31 जनवरी 2020 के मध्य सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान चिन्हित गैप्स / समस्याओं / के निराकरण एवं सुधारात्मक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

आप अवगत है कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा दिनांक 28 जनवरी से 31 जनवरी 2020 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। उक्त टीम द्वारा आपसे फीडबैक साझा की जा चुकी है तथा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों / गतिविधियों के अन्तर्गत चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से सम्बन्धित समस्याओं से सक्षम अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, के निर्देशानुसार जनपद में पायी गयी कमियों में सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुये एक सप्ताह के अन्दर अनुपालन आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध करना सुनिश्चित करें। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की अनुमोदित भ्रमण आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र के साथ संलग्न है।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

**भवदीया,**

**(जसजीत कौर)**
**अपर मिशन निदेशक**

पत्र संख्या–**एस0पी0एम0यू0 / सी0एच0 / सपोर्टिव सुपरविजन / 60 / 2019–20 /** 9291–6 **तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवही हेतु प्रेषित –**

1. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति जनपद– रामपुर।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद को इस आशय से प्रेषित कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान पायी गयी कमियों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त महाप्रबन्धक / उपमहाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0, लखनऊ।
4. स्टाफ ऑफीसर, मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 को इस आशय के साथ प्रेषित की मिशन निदेशक महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने का कष्ट करें।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0, मुरादाबाद।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, रामपुर।

**(डा0 अल्पना शर्मा)**
**महाप्रबन्धक, प0क0 /**
**मण्डलीय नोडल अधिकारी**